Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide funds for construction of Metro Rail Services Phase- II in Jaipur, Rajasthan-laid.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर) : आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले कार्यकाल में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत भारत के प्रथम 20 शहरों में जयपुर को चुना तथा इसके लिए में और जयपुर की जनता हृदय से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हैं । लेकिन यहां पर बढ़ती आबादी के चलते ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बहुत लचर हो चुकी है । नियमित दुर्घटनाएं होने लगी हैं । ट्रैफिक जाम यहां की आम समस्या है । मैं कहना चाहूंगा कि वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के नाम के लिए पूरे भारत से एकमात्र शहर जयपुर का नाम गया है । इसके लिए मैं जयपुर की जनता की तरफ से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं ।

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि मेट्रो फैज प्रथम का कार्य सम्पूर्ण हुए बहुत अरसा हो चुका है जो कि ट्रांसपोर्ट के लिए मानसरोवर से चांदपोल तक की व्यवस्था करता है, लेकिन जयपुर का ट्रांसपोर्ट सिस्टम इस तरह से हो चुका है कि हमें मेट्रो फेज द्वितीय का कार्य जल्द शुरू करना होगा, क्योंकि चांदपोल से लेकर हरमाडा होते हुए चोमू तक ट्रैफिक का बड़ा दबाव है । मैं ये निवेदन करना चाहूंगा कि यदि मेट्रो का द्वितीय फेज शुरू किया जाये तो विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र और चोमू तक जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा, इसके साथ ही दुर्घटनाओं में कमी आयेगी, साथ ही तेजी से प्रदूषित होता शहर जयपुर इस समस्या से बच पायेगा ।

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि मेट्रो फेज द्वितीय के लिए राज्य सरकार से बात कर जल्दी से जल्दी फंड स्वीकृत किया जाये । ताकि जयपुर का स्वरूप

और सुदृढ़ किया जा सके, दुर्घटनाओं में कमी आ सके और बढ़ती हुई प्रदूषण की समस्या का समाधान हो सके ।